तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 2 मई 2025

14 श्री परशुरामजी की जयंती ब्राह्मण समाज ने मनाई



12 सुरक्षा में सेंध, जर्जर बाउंड्रीवाल टूटी पड़ी, टीन शेड से चल...





## खबर संक्षेप

### महापौर से जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि ने मुलाकात की



**बालोद।** छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं धमतरी नगर निगम के महापौर जगदीश रामू रोहरा से बालोद जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने भेट की एवं इस दौरान उन्होने विभिन्न विशयो पर उनसे चर्चा की। इस दौरान उनके साथ अनूप देशमुख भी उपस्थित रहे।


### निशुल्क नेत्र शिविर में तीन आपरेशन किया



**बालोद।** बालोद में जैन समाज के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच शिविर महावीर भवन में आयोजित किया गया था उस दौरान चिकित्सा के साथ जरूरतमंदो को उच्च सेंटर के लिए चयनीत किया गया था जिनमे से 3 लोगो का नेत्र आपरेशन निःशुल्क राजनांदगांव उदयाचल में होगा।

### आदि शंकराचार्य की जयंती पर आज शिव की आराधना

**बलोद।** आद्य शंकराचार्य भगवान जयंती समारोह भगवतपाद शिवावतार आद्य शंकराचार्य महाभाग की 2532 वे प्राकट्य महोत्सव वैशाख शुक्ल शुक्रवार 2 मई को हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया जावेगा। इस अवसर पर पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती जी महाराज की पावन प्रेरणा से छत्तीसगढ एवं विभिन्न प्रांतो में सनातन संस्कृति संरक्षणार्थ, रुद्राभिषेक, सत्संग, प्रवचन, संगोष्ठी, सामूहिक हनुमान चालीसा, सुंदरकांड तथा सेवा प्रकल्प का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी श्रृंखला में धर्म संघ पीठ परिषद आदित्य वाहिनी, आनंद वाहिनी, राष्ट्रोत्कर्ष अभियान, हिन्दुराष्ट्र संघ, सनातन संत समिति के पदाधिकारी पधारेगे। साथ ही समस्त सनातन धर्म प्रेमी श्रद्धालु भक्तों की ओर से 2 मई को मारवाड़ी कुआं, शिव मंदिर प्रांगण में भव्य शिव आराधना रुद्राभिषेक सत्संग संगोष्ठी कार्यक्रम आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया।



### 10 मई को लगेगी नेशनल लोक अदालत

**बालोद।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में भारती कुलदीप व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के द्वारा तालुक विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय दल्लीराजहरा में अधिवक्ताओं के साथ मीटिंग आयोजित कर अधिवक्ताओं को लोक अदालत में राजीनामा योग्य समस्त प्रकार के प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निराकृत कराये जाने हेतु सहयोग की अपील की गई। बैठक में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी सोनी तिवारी सहित अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# अक्ति पर ठाकुर देवता को पलाश व महुए के पत्ते पर चढ़ाया भोग और खरीफ की बिरही दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम मेडली में बुधवार को अक्षय तृतिया (अक्ति) का त्यौहार पारंपरिक ढंग से मनाया गया। छोटे छोटे बालिकाओ ने धर में ही गुड्डे और गुड़ियों की शादी रचाई। ग्रामीणों ने अपने ठाकुरदेव की विशेष पूजा अर्चना कर अच्छी फसल होने की कामना की गई।

पर्व की तैयारी ग्रामीण पहले से ही कर लिए थे। ठाकुरदेव की पूजा के लिए पलाश या महुआ के पत्ते से बने दोना मंगलवार को घर में लाकर पहले से ही रखा गया था। कई लोगों ने सुबह ही दोना पत्तल की व्यवस्था की। इसी दोने में ठाकुर देव को भोग समर्पित किया गया। ठाकुरदेव की पूजा अर्चना के बाद किसान अपने खेतों में कुछ धान बीज की बोनी कर खरीब फसल की शुरुवात की गई। किसानो ने बताया कि मान्यता है कि खेतों में अक्ती के दिन बोए बीज में खुद ठाकुरदेव स्थापित रहते है। इससे अच्छी फसल होती है। साथ ही इस दिन मान्यता है कि गांव के ठाकुर देव की जब तक पूजा नहीं की जाती तब तक गांव के कोई भी व्यक्ति जल स्त्रेत से पानी नहीं ले सकता। चाहें जल स्त्रेत हैंडपंप, तालाब, कुआं या निजी व सरकारी मोटर पंप ही क्यों न हो।

शीतला पारा में आज अक्षय तृतीया अवसर पर ग्राम मेंड़की में सरपंच मंजूलता परस साहू, सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष गुणवंत लाल साहू, बालक राम साहू ▶▶| शेष पेज 13 पर

## पुतरा-पुतरी विवाह का आयोजन परंपरागत ढंग से किया गया



### ग्राम मेढ़की में तीन दिन चला विवाह समारोह

ग्राम मेढ़की के शीतलापारा में तीन दिनों तक गुड्डा गुड्डी के विवाह का रस्म किया गया। ग्राम मेढ़की में सुबह से ही बच्चे अपने गुड्डा गुड्डी की शादी के लिए छग के परम्परा अनुसार चुलमाटी लेने के लिए शीतला मंदिर की मिटटी लेने गाजे बाजे के साथ पहुचे थे। इस दौरान चुलमाटी की मिटटी से मण्डप को सजाया गया जिसके बाद अलग अलग मण्डपो में गुड्डा गुड्डी को तेल हल्दी चढ़ाया गया वहीं दोपहर में छोटे छोटे बच्चों द्वारा मैन नाचा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बच्चों ने गाजे बाजे की धुन पर जमकर थिरक रहे थे जिसे देखने के लिए लोग उपस्थित होकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। गुड्डा गुड्डी के टिकावन ▶▶| शेष पेज 13 पर

## मौसम : गर्मी से राहत मिली और टूट-फूट से परेशानी बढ़ी

# तीन घंटे की आंधी-बारिश से फसलें चौपट, टिन शेड उड़े, दुकानें ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

बुधवार की शाम दल्लीराजहरा शहर ने प्रकृति के रौद्र रूप को देखा, जब लगभग तीन घंटे तक तेज आंधी, तूफान और मूसलधार बारिश ने पूरे शहर को झकझोर कर रख दिया। दल्लीराजहरा शहर के बाजारों में लगे टीन शेड उड़ गए, सड़कों पर पानी बहने लगा और एसीपी डिज़ाइन तक हवा में झूलते नजर आए। इस असमय आपदा ने न सिर्फ व्यापारियों को गहरा नुकसान पहुंचाया, बल्कि किसानों की फसलें भी तहस-नहस कर दीं।

दल्लीराजहरा के विभिन्न पीड़ित व्यापारियों ने बताया कि लाखों रुपए के टीन, साज-सज्जा और स्टॉक नष्ट हो गए। वहीं किसानो ने बताया कि खेतों में लगी फसलें आंधी और तेज बारिश से बर्बाद हो गईं, जिससे किसानों के माथे पर चिंता की गहरी लकीरें साफ देखी जा सकती हैं। जहां एक ओर इस बारिश से भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली, वहीं दूसरी ओर इस बेमौसम तबाही ने लोगों को गहरे संकट में डाल दिया।





### आंधी चली व हुई झमाझम बारिश

**डौंडीलोहारा।** नगर व आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को शाम लगभग 5 बजे मौसम ने अचानक करवट बदलते हुए काली घटा छायी साथ ही तेज आंधी तूफान चलने के पश्चात झमाझम बारिश प्रारंभ हो गई। जो कि रुकरुक कर 1 घंटे अच्छी बारिश हुई।बारिश के बाद ठंड़कता का एहसास हुआ व लोगो को तेज गर्मी से राहत मिली।इसके पूर्व मंगलवार को सुबह लगभग आठ बजे भी तेज हवाओं के साथ साथ बारिश हुई थी।उल्लेखनीय है कि दो तीन दिनों से मौसम में अचानक से परिवर्तन हो रहा है जिससे गर्मी से थोड़ी राहत मिली है व तापमान में गिरावट आई है।मंगलवार को सुबह चली तेज हवाओं के कारण नगर के पुराने जप के प्रांगण में स्थित एक पुराना व विशाल पेड़ भी गिर गया।

### स्थानीय प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों और व्यापारी संगठनों ने प्रशासन की तैयारी और आपदा प्रबंधन पर सवाल उठाए हैं। लोग जानना चाहते हैं कि जब मौसम विभाग ने पहले से चेतावनी दी थी, तो सतर्कता और सुरक्षा इंतजाम क्यों न किए गए? मौसम विभाग ने 29 अप्रैल से 05 मई तक तेज आंधी-तूफान, बारिश और ओलावृष्टि के साथ कई जिलों में वज्रपात होने की चेतावनी जारी की है। वहीं तेज हवाओं के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई जगह पेड़ गिर गए। जिसके चलते पावर कट की स्थिति बनी रही। दल्लीराजहरा शहर सहित चिखलाकसा, डौंडी , कुसुमकसा में भी 4 से 7 बजे तक के आसपास बारिश हुई। इससे पहले आंधी तूफान ने लोगों को परेशान किया।

### जनता की मांग

पीड़ित व्यापारियों और किसानों को तत्काल मुआवजा दिया जाए। आपदा प्रबंधन टीम को और सक्रिय बनाया जाए। भविष्य में ऐसे हालात से निपटने के लिए ठोस योजना बनाई जाए।

# दो बाइक की भिड़ंत में एक युवक की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के दुर्गा पेट्रोल पंप के सामने दो बाईक की आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे दोनों ही बाइक में सवार लोगों को जबरदस्त चोट लगी वही एक युवक की मौत भी हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से ग्राम संबलपुर की ओर जा रहे थे कि विपरीत दिशा की ओर से आ रहे बाइक चालक मिलन चुरेन्द्र व जितेश माहला के साथ आमने सामने की जबरदस्त टक्कर हो गई जिससे दोनों ही बाइक चालक व पीछे बैठे सवार सड़क पर गिर पड़े व उन्हें जबरदस्त चोट लगी व बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना मिलने पर पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची।घायलों को तुरंत ही नगर के शा अस्पताल लाया गया जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई है।

पता चला है कि मृतक अपने साथियों के साथ विवाह समारोह में शामिल होने संबलपुर जा रहा था कि यह हादसा हो गया। घायल युवक भी कुछ बताने की स्थिति में नही है।इसलिए अभी इनके नाम व ग्राम का पता नही चल पाया है। परिजनों को सूचना दी गई है। ऐसी जानकारी मिली है कि दोनों बाइक सवार ग्राम संबलपुर के एक ही शादी समारोह में शामिल होने आए थे। एक बाईक सवार कुछ कार्यवश लोहारा आकर वापस जा रहा था , तो दूसरा बाइक सवार लोहारा कुछ कार्य से आ रहा था, तभी यह दुर्घटना हो गई।

# ब्रह्माकुमारीज के समर कैंप में रोचक स्पर्धाएं दस तक जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय आत्मज्ञान भवन आमापारा बालोद के तत्वाधान में 1 मई से 10 मई तक दस दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसका समय प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से 11:30 बजे तक है।

ब्रह्माकुमारीज़ की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके विजयलक्ष्मी दीदी ने बताया कि कक्षा पहली से दसवीं तक विद्यार्थियों के लिये समर कैम्प में मेमोरी डेवलपमेंट के लिये विभिन्न कार्यक्रम रखे जा रहें हैं, जिसके अंतर्गत ड्रॉइंग, पेंटिंग, माइंड पावर, के साथ साथ खेल–खेल में आध्यात्मिक एंव नैतिक शिक्षा, आत्म विश्वास में वृध्दि, योग के प्रकार, अनुशासन, आज्ञाकारी, समय का महत्व, सांस्कृतिक कार्यक्रम, राजयोग ध्यान सत्र, विविध गतिविधियां, मूल्य आधारित खेल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चों को प्रेरणादायी एक्टिविटी के माध्यम से सम्पूर्ण मानसिक विकास कराया जायेगा। इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से 10 वीं तक के विद्याथऍ अधिक से अधिक संख्या में अपना निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करा कर लाभ ले सकते हैं।



# दल्लीराजहरा में 10 को नेशनल लोक अदालत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार 10 मई 2025 को दल्लीराजहरा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन की तैयारियों को लेकर व्यवहार न्यायालय, दल्लीराजहरा में एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें अधिवक्ताओं से अधिकतम प्रकरणों के निराकरण में सहयोग की अपील की गई। बैठक की अध्यक्षता सुश्री भारती कुलदीप, व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ श्रेणी) एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद ने की। उन्होंने अधिवक्ताओं को लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों जैसे बैंक ऋण वसूली, बिजली-पानी विवाद, पारिवारिक झगड़े, दुर्घटना क्षतिपूर्ति, चेक बाउंस आदि मामलों को प्राथमिकता से निपटाने हेतु प्रेरित किया। बैठक में व्यवहार न्यायाधीश श्रीमती सोनी तिवारी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। क्या होती है नेशनल लोक अदालत नेशनल लोक अदालतें देशभर में एक ही दिन पर आयोजित की जाती हैं, जिनका उद्देश्य लंबित मामलों का आपसी सहमति से त्वरित एवं निःशुल्क समाधान करना होता है।

इसमें दोनों पक्षों की सहमति से विवादों का समाधान किया जाता है, जिससे न्यायिक प्रक्रिया सरल और सुलभ बनती है। लोक अदालत में निपटे मामलों के विरुद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती, जिससे यह अंतिम और स्थायी समाधान बन जाता है।



### अधिक से अधिक संख्या में पहुचे

कौन-कौन से मामले लोक अदालत में निपटाए जाते हैं? बैंक ऋण और ऋण वसूली से संबंधित मामले विद्युत एवं जल कर विवाद मोटर वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति मामले पारिवारिक विवाद श्रम विवाद भूमि और संपत्ति विवाद (राजीनामा योग्य) चेक बाउंस और अनुबंध से संबंधित मामले लाभः कोई न्यायालय शुल्क नहीं लिया जाता त्वरित एवं प्रभावी न्याय आपसी सहमति से समाधान अपील की आवश्यकता नहीं दल्लीराजहरा क्षेत्र के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इस 10 में को नेशनल लोक अदालत में अधिक सभी संख्या में राजीनामा वाले मामले के दोनों पक्षों के लोग पहुंचे।

## 11 दीक्षा, 8 पुंसवन, 1 अन्नप्राशन, 1 मुंडन एवं, 9 बच्चों को विद्यारंभ संस्कार दिया गया

# प्रज्ञा पुराण कथा एवं 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में विविध संस्कार संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में कुसुमकसा शिव मंदिर प्रांगण में चार दिवसीय लोक जागरण पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न हुआ ,उक्त चार दिवसीय कार्यक्रम में 11 दीक्षा संस्कार,08 पुंसवन संस्कार ,01 अन्नप्राशन संस्कार ,01 मुंडन संस्कार एवं ,09 बच्चों का विद्यारंभ ,30 संस्कार कराया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ में मंगल कलश यात्रा निकाली गई जो शिव मंदिर से बस स्टैंड चौक ,क्रांति चौक,शांतिनगर ,दीप चौक आदर्श चौक आजाद चौक होते हुए शिव मंदिर प्रांगण में समाप्त हुआ तदपश्चात कलश पूजन ,देव स्थापना एवं सर्वतो भद्र पूजन किया गया , शोभा कलश यात्रा को सफल बनाने शंकर लाल पिसदा डॉ भूपेंद्र मिश्रा, सोहन साहू, लोकनाथ साहू रोहितसाहू , जीवन साहू टीकम साहू नरेश यादव , डोमन चावरे बंशीलाल रावते सहित सक्रिय परिजन उपस्थित रहे।



प्रतिदिन प्रज्ञा योग एवं ध्यान साधना , गायत्री महायज्ञ , प्रज्ञा पुराण कथा हुई अंतिम दिवस पूर्णाहुति ,महाप्रसाद एवं टोली बिदाई का कार्यक्रम संपन्न हुआ , कार्यक्रम को सफल बनाने में गायत्री प्रज्ञा मंडल कुसुमकसा के सदस्यों सहित दल्ली राजहरा से श्रीमती यामिनी पांडे कुमारी विजयलक्ष्मी कुमारी कुमकुम सोनी कुमारी मोक्ष सोनी एवं श्रीमती उमा सोनी का विशेष योगदान रहा , साथ ही इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डोंडी ब्लॉक समन्वक नंदकिशोर पिस्दा, जिला सहसमन्वयक दशरथ कलिहारी , पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस , शंकर लाल पिस्दा, श्रीमती वेदबाई पिस्दा सरपंच ग्राम पंचायत कुसुमकसा, नितिन जैन उपसरपंच , विजेंद्र विश्वकर्मा , श्रीमती कमला ठाकुर बंशीलाल रावते गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी हुलास देवांगन, सोनसाय लटियारे , पीतांबर साहू , धर्मेंद्र वर्मा , नाथूराम सिवाना , डोमन चावरे ,मन्नू राणा , डोमन यादव , श्रीमती कमला ठाकुर जी, श्रीमती रेणुका धरमगुड़ी जी, श्रीमती सुशीला चुरेंद्र श्रीमती, कालिंद्री पिस्दा, श्रीमती कुमारी बाई चावरे, श्रीमती दमयंती पवार, श्रीमती सावित्री सोनी, श्रीमती रेणुका गजीर, श्रीमती विजेश्वर विश्वकर्मा ,वीरेंद्र सिन्हा , योगेंद्र सिन्हा , कमलकांत साहू , मनीष जेठवानी दिलीप सिन्हा ,हितेश गुप्ता गोपाल डडसेना ,भुवन सिन्हा ,देवप्रसाद आर्य सहित ग्रामवासियों ने उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता दर्ज कराई।

# विधायक निषाद ने श्रमिकों के साथ बोरे-बासी खायी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

ग्राम डुडिया में मजदूर दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया गया। जहां विधायक कुंवर सिंह निषाद मेहनतकश श्रमिक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सभी श्रमवीरों को बधाई देकर श्रमिको के साथ बैठकर बोरे बासी के साथ भाजी, भुरका, प्याज और आम की चटनी का आनंद उठाया। इस अवसर पर संतु राम पटेल अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्जुन्दा भोजराज साहू, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही अनुभव शर्मा, उपाध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा हरि साहू, मंगल राम साहू, लिखन निषाद, चुकेश्वर साहू, सागर साहू, भूपेंद्र साहू, राम सिंह धनकर, चित्रंश, बेदी लाल और बहुत से श्रमिक भाई बहन एवं कांग्रेसी जन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### शिविर में 94 ग्रामीण हुए लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कुटेश्वर लाइम स्टोन माइन्स के सीएसआर के तहत ग्राम तिमुआ में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। महाप्रबंधक मनोज कुमार तथा सरपंच ग्राम टिमरूआ, कोनिया तीरथ पटेल द्वारा शिविर का उद्घाटन किया गया। 94 लोगों की जांच कर उन्हें दवाई का वितरण किया गया। शुगर, बीपी की निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। कुटेश्वर माइंस डिस्पेंसरी द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर की टीम में चिकित्सक अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद जहूर, फार्मासिस्ट श्री मोसेस तिग्गा, राजश्री उपस्थित थे।

### एसएमएस-2 के कर्मियों को मिला शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-2 में कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक टी गोविन्द के मुख्य आतिथि थे। एसएमएस-2 के श्रमवीरों में अर्जुन सिंग गधवाल, तारकेश्वर प्रसाद वर्मा, हेनरी अमित, सोहन दास मानिकपुरी उदय राम कौशल प्रसाद वर्मा, सोहन लाल सोनटेके, अजय कुमार मौर्या, राजेश कुमार चौरसिया को माह जनवरी से मार्च के लिए कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा हमारी पहली प्राथमिकता अपने कर्मचारियों की सुरक्षा है। आप लोगों ने अपनी उत्कृष्ट कार्य संस्कृति से चुनौतियों को अवसर में बदलकर कई कठिन कार्यो को अंजाम दिया है। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त श्रम कल्याण अधिकारी आरके ठाकुर ने किया।

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हुई समीक्षा बैठक



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा (ई) बैठक, दिनांक 28 अप्रैल 2025 को कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) एवं कार्यकारी अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता ईडी पवन कुमार ने की। बैठक में सभी कार्यपालक निदेशक,मुख्य महाप्रबंधक, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक अमूल्य प्रियदर्शी, उप महाप्रबंधक, कार्यपालक निदेशक राजीव कुमार ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे। का पवन कुमार ने कहा कि वॉइस टायपिंग की सहायता से हिंदी में टाइप करना आजकल बोलने जितना आसान हो गया है। अतः हम सभी हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग करें और शत-प्रतिशत हिंदी में कामकाज के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयत्न करें। महाप्रबंधक सौमिक डे ने स्वागत भाषण दिया। उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने आभार प्रदर्शन किया।

# दोष मुक्ति प्रकरणों की समीक्षा, त्रुटियां सुधार को लेकर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

आईजी राम गोपाल गर्ग ने दोष मुक्त प्रकरणों की समीक्षा कर आरोपियों द्वारा बार-बार स्थगन लेने पर आपत्ति की है। यह बैठक आईजी कार्यालय के सभागार में आयोजित हुई। जहां समीक्षा और विश्लेषण के लिए उप संचालक अभियोजन, लोक अभियोजन अधिकारियों की बैठक आईजी गर्ग ने ली। इस दौरान न्यायालयों द्वारा आपराधिक प्रकरणों में आरोपियों को दोषमुक्त किए जाने के कारणों की समीक्षा की गई।

## आईजी ने सभागार में अफसरों के साथ की बैठक



### ये अधिकारी भी मौजूद थे

बैठक में संयुक्त संचालक अभियोजन दुर्ग एसएस ध्रुव, उप संचालक अनुरेखा सिंह, उप संचालक बालोद प्रेमेंद्र बैसवाड़े, उप संचालक बेमेतरा कंचन पाटिल, एएसपी पद्मश्री तंवर, एएसपी बालोद अशोक जोशी, डीएसपी शिल्पा साहू, डीएसपी बेमेतरा कौशल्या साहू, उप निरीक्षक राजकुमार प्रधान, डाटा एंट्री ऑपरेटर तेजस्वी गौतम, पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला मौजूद थे।

अभियोजन पक्ष द्वारा इस पर प्रकाश डाला गया कि विवेचना के दौरान तथ्यान्वेषण की त्रुटियां, साक्ष्य संकलन में लापरवाही, गवाहों पीड़ितों के पक्षद्रोही हो जाने जैसी परिस्थितियां दोषमुक्ति के प्रमुख कारण हैं। आईजी ने बताया कि विवेचकों को प्रकरणों के पीड़ित और गवाहों से निरंतर संवाद बनाए रखते हुए उनके पूर्व कथनों पर दृढ़ रहने के लिए प्रेरित करने को कहा है। वे न्यायालय में निर्भिक व स्वतंत्र रूप से साक्ष्य पेश कर सकें। इससे अभियुक्तों के खिलाफ प्रभावी अभियोजन सुनिश्चिति हो सकेगा। आईजी गर्ग ने कहा कि नवीन आपराधिक प्रक्रिया संहिता के तहत अभियोजन अधिकारी किसी भी प्रकरण में आरोपी द्वारा बार-बार स्थगन लेने पर आपत्ति व्यक्त करने के लिए अभियोजन अधिकारियों से चर्चा की है। जिसमे आरोपियों द्वारा पेशी तारीखें बढ़वाने का प्रयास करते है। इसके अलावा पेशी में अनुपस्थित रहते है। अभियोजन पक्ष को न्यायालय के समक्ष, आपत्ति प्रस्तुत करनी होगी। जिससे प्रकरणों का शीघ्र निस्तारीकरण किया जा सके।

### भारी पड़ सकती है भिलाई इस्पात संयंत्र की सुरक्षा में लापरवाही

# सुरक्षा में सेंध, जर्जर बाउंड्रीवाल टूटी पड़ी, टीन शेड से चल रहा है काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र की सुरक्षा में चूक संयंत्र पर भारी पड़ सकती है। बीएसपी की बाउंड्रीवाल कई जगह से टूट जाने से सेंधमारी का अंदेशा बना हुआ है। जगह जगह टूटी दीवार चोरों का दावत दे रही है। संयंत्र के अंदर अरबों रुपए का स्टील और अन्य सामान रखा हुआ है।

भिलाई इस्पात संयंत्र की सुरक्षा के लिए वर्षों पूर्व संयंत्र की स्थापना के समय से ही चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण किया गया था। संयंत्र चारों तरफ से करीब बीस किलोमीटर बाउंड्रीवाल से घिरा हुआ है। बाउंड्री वर्षों पुरानी होने से कई स्थानों में जर्जर हो चुकी है। बाउंड्रीवाल करीब आधा दर्जन स्थानों में चालीस पचास फीट की दूरी तक टूटी होने से इन स्थानों पर पचासों टिन की चादरें खड़ी कर काम चलाया जा रहा है। जेपी सीमेंट से मड़ौदा टैंक जाने वाले की मार्ग पर टूटी दीवार की जगह टिन से घेर दिया गया है। बीच बीच में गेप भी है। यहां कुछ ही दूरी पर तीन स्थानों पर टिन रख दिए गए हैं। पुरैना जोरातराई क्षेत्र में भी ओपन एरिया है। सीआईएसएफ के जवान भी चौकसी के लिए काफी दूरी पर तैनात होते हैं। इसके चलते संयंत्र में सेंधमारी और चोरी का अंदेशा बना हुआ है। चोरी की घटनाएं बढ़ भी रही हैं। कुछ दिनों पूर्व एक पार्षद और कुछ लोगोंको संयंत्र में लोहा चोरी करते पकड़ा भी गया था। इसके पूर्व भी कई बार भट्ठी पुलिस और सीआईएसफ ने चोरों को चोरी करते दबोचा था।

## जेपी सीमेंट और मड़ौदा डैम क्षेत्र में चार स्थानों पर बाउंड्री में खड़े किए टिन



### टूटी बाउंड्री पर नहीं है सुरक्षा जवान

बीएसपी के मेन गेट, बोरिया गेट जोरातराई गेट सहित चारों ओर सुरक्षा के लिए सीआईएसएफ के सैकड़ों जवानों मुस्तैद रहते हैं। ऊंचे टावर पर भी जवान खड़े होकर चोरों पर नजर रखते हैं। पचासों सीसीटीवी कैमरों से भी सुरक्षा की जा रही है। लेकिन जिन स्थानों पर बाउंड्रीवाल काफी दूरी तक टूटी हुई है, वहीं सुरक्षा जवानों की ड्यूटी नहीं लगाई गई है। इससे चोरों के हौसले बुलंद है।

### मगडंप व ओएचपी में बाउंड्री जर्जर

बीएसपी के ओएचपी- ए और ओएचपी - बी एरिया में भी दो स्थानों पर बाउंड्री जर्जर होने से टूटी पड़ी है। यूनियनों की कई बार मांग के बाद भी इन स्थानों पर बाउंड्रीवाल की अब तक मरम्मत नहीं की गई है। यूनियनों के मुताबिक प्रबंधन बजट बचाने और लापरवाही से टूटी बाउंड्री के स्थानों पर जगह जगह बेतरतीब से टिन खड़े कर सुरक्षा को लेकर निश्चित हो गया है। विदित हो कि संयंत्र के अंदर अरबों रुपए का उत्पादित स्टील के अलावा कांपर आदि के उपकरण सहित पचासों प्रकार के उपयोगी सामान रखे हुए हैं।

# नवीनीकृत इस्पात क्लब सेक्टर 4 का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग द्वारा सेक्टर-4 में नवीनीकृत इस्पात क्लब का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक पवन कुमार द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशेष अतिथि मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक विष्णु के पाठक और इस्पात क्लब के अध्यक्ष के नन्द किशोर साहू, उप-महाप्रबंधक डीसी सिंह, उप-महाप्रबंधक रणवीर सिंह, राजीव कुमार, सहायक महाप्रबंधक सरोज झा और क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष रवि सिंह उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने कहा कि प्रबंधन संयंत्र में उत्पादन को बढ़ाने की चर्चा साथ अपने कर्मचारियों की सुविधाओं के बारे में भी सोचता है। उन्होंने क्लब के नियमित देख-रेख और उससे विवेकपूर्ण तरीके से लाभ प्राप्त करने का आग्रह किया। मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में भिलाई इस्पात मजदूर संघ के हरिशंकर चतुर्वेदी, सुरेन्द्र चौहान, कैलाश सिंह, कार्तिक पाण्डेय, सुदीप सेनगुप्ता, अमित कुमार सिंह, अशोक कुमार आदि उपस्थित थे।

■ प्रबंधन ने संयंत्र में उत्पादन बढ़ाने पर की चर्चा

### वालीबाल कोर्ट का भी निर्माण

बीएसपी द्वारा सिविल नवीनीकरण के अंतर्गत इस्पात क्लब सेक्टर -7 की तरह इस्पात क्लब सेक्टर-4 का आंतरिक और बाह्य रूप से पूर्ण नवीनीकरण किया गया। अटैच बाथरूम के साथ दो नए कमरे व बैंक्वेट-हॉल का निर्माण किया गया है। इसके अलावा दो नए स्टेज बनाए गए हैं व बाउंड्रीवाल की मरम्मत के साथ ही इस्पात क्लब प्रांगण के अंदर के रोड की रेकार्पेटिंग व वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण भी किया गया है।

# श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए मंत्री अरुण साव और पूर्व सीएम भूपेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग ग्रामीण विधायक एवं छग राज्य ग्रामीण व अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर की दिवंगत माताजी पूर्णिमा चंद्राकर के दशगात्र कार्यक्रम में बुधवार को नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव भी शामिल हुए। वे ग्राम कोलिहापुरी स्थित 36 फोर्ट परिसर में आयोजित शोकसभा में पहुंचे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले में प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय, संगठन महामंत्री पवन साय, अजय जामवाल, रामप्रतम सिंह, मंत्री रामविचार नेताम, श्याम बिहारी जयसवाल, लक्ष्मी राजवाड़े, लखन देवांगन, टंकराम वर्मा दयालदास बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, अजय चंद्राकर, धरम लाल कौशिक, राजेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे। इस दौरान भजन की प्रस्तुति महंत लीलाधर साहू ने दी।

■ कोलिहापुरी स्थित 36 फोर्ट परिसर में शोकसभा आयोजित

# हटाए गए सहायक शिक्षकों की नहीं जाएगी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मंत्री परिषद की बैठक में सीधी भर्ती 2023 में नियुक्ति उपरांत सेवा समाप्त किए गए 2621 बीएड अर्हताधारी सहायक शिक्षकों के हित में महत्वपूर्ण फैसले का स्वागत करते हुए वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल का आभार व्यक्त किया है। सेन ने हटाए गए इन 2621 सहायक शिक्षकों के लिए विधानसभा सदन सहित मुख्यमंत्री, वित्तमंत्री से भी बात कर इनके रोजगार के मद्देनजर शीघ्र फैसला लेने का निवेदन किया था। बीएड सहायक शिक्षक की भर्ती जो कि हो चुकी थी, उसके बाद सुप्रीम कोर्ट का एक आदेश जिसमें सबको अपने रोजगार से वंचित होना पड़ा था। इसके बाद वो सभी आंदोलनरत हो गए थे। उनको लग रहा था कि अब हमारे सामने अंधकार है। इस विषय को लेकर लगातार सदन में आवाज बुलंद की। कैबिनेट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कैबिनेट ने कहा है कि सभी सहायक शिक्षक उन सभी को हमारे यहां लैब टेक्नीशियन के रूप में रखा जाएगा और किसी की भी नौकरी नहीं जाएगी। आज उन सभी प्रभावितों के चेहरे पर खुशी का माहौल है। 2621 हटाए गए सहायक शिक्षकों के समायोजन करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए स्कूल शिक्षा विभाग को अधिकृत किया गया है।



■ रिकेश ने सीएम सहित कैबिनेट का माना आभार

# बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता बुधवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बीएसपी अधिकारी एस. मुखोपाध्याय, एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, बीके गिरी, राकेश कुमार, डॉ. रवींद्रनाथ एम, अरुण कुमार उपस्थित रहे। दासगुप्ता अपनी पत्नी त्रिपर्णा दासगुप्ता, बेटी निहारिका के साथ आयोजन में शामिल हुए। अधिकारियों ने उनके लगभग 39 वर्षों की सेवा और बीएसपी में 6 वर्ष की सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा की। सेफी एवं ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एनके बंछोर, महासचिव परविंदर सिंह, अमूल्य प्रियदर्शी, सौमिक डे ने दासगुप्ता का सम्मान किया। समारोह का संचालन अपर्णा चंद्रा ने किया। आईआईटी-बीएचयू के मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग के छात्र रहे अनिर्बान दासगुप्ता ने 1 अगस्त 1986 को प्रबंधन प्रशिक्षु (तकनीकी) के रूप में सेल के सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) से अपनी सेवा प्रारंभ की थी। सीईटी में कार्यकाल के दौरान उन्होंने रणनीतिक एवं तकनीकी परियोजनाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने वर्ष 2005 एवं 2012 की सेल की कॉर्पोरेट योजनाओं तथा इस्को इस्पात संयंत्र के पुनरुद्धार योजना में अहम भूमिका निभाई। अक्टूबर 2010 में उन्हें सेल कॉर्पोरेट कार्यालय के अध्यक्ष सचिवालय में उप-महाप्रबंधक तथा बाद में महाप्रबंधक के रूप में पदस्थ किया गया, जहाँ उन्होंने उच्च-स्तरीय नीति निर्माण एवं संचालन रणनीतियों में प्रभावशाली योगदान दिया। सितंबर 2017 में दासगुप्ता को इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी) का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया गया, जहां उन्हें दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी) एवं एलॉय स्टील प्लांट (एएसपी) का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया। जून 2019 में वे बीएसपी के सीईओ बनाए गए। जहां वे पुनः डीएसपी और एएसपी के अतिरिक्त प्रभार के साथ नियुक्त हुए। संयंत्र संचालन में उनकी सफलता ने उन्हें फरवरी 2020 में सेल के निदेशक (परियोजना एवं व्यापार योजना) के रूप में बोर्ड में स्थान दिलाया।



### अप्रैल माह में 91 कर्मचारी की भी सेवानिवृत्ति

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल माह में कुल 91 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के 16 सदस्यों सहित 09 कार्यपालक व 66 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। इस्पात भवन स्थित निदेशक प्रभारी सभागार में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीएसपी अधिकारी एके चक्रवर्ती, प्रवीण निगम, पवन कुमार, आरके श्रीवास्तव, संदीप माथुर, विजय शर्मा ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

### कर्मचारियों को समस्याओं के निदान के लिए मिला आश्वासन

# स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक की सीजीएम के साथ हुई अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक के पदाधिकारियों की मुख्य महाप्रबंधक उत्पल दत्ता के साथ अहम बैठक हुई। इसमें टाउनशिप और कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। कई मुद्दों पर प्रबंधन से सहमति बनी। टाउनशिप के सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम पुनःशुरू करने, 650 स्क्वायर फिट तक क्वार्टर लाइसेंस पर देने एवं इसके जमानतदार के 5 वर्ष नौकरी बचे होने की बाध्यता समाप्त करने, कर्मचारी के क्वार्टर का बाहर से भी पुताई करने एव सिक्सट्री एवेन्यू व फॉरेस्ट एवेन्यू को चौड़ीकरण करने की मांग की गई। प्रबंधन ने लाइसेंस/ रिटेंशन के लिए जमानतदार की 5 साल नौकरी की बाध्यता को कम करने का आश्वसन दिया। एक सप्ताह में टाउनशिप में प्रमोशन पॉलिसी के लिए सीनियरिटी लिस्ट जारी करने व कर्मचारी के घरों में अंदर और बाहर भी व्हाइट वॉश शुरू करने पर सहमत हुआ। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह ने कहा कि इंटक की मांग पर शुरु की गई सब्जेक्ट टू वेकेशन स्कीम के बंद हो जाने से जहां वरिष्ठ कर्मचारियों को नुकसान हो रहा है। प्रबंधन को डैमेज क्वार्टर मिल रहे हैं और वेलकम स्कीम के तहत उसे अधिक राशि खर्च करनी पड़ रही है। स्कीम फिर से शुरू किया जाए। सीजीएम उत्पल दत्ता ने आश्वस्त किया कि शीर्ष प्रबंधन से निर्देश आने पर शुरू किया जा सकता है। कर्मियों को 650 स्क्वायर फीट तक क्वार्टर लाइसेंस पर देने और जमानतदार के 5 वर्ष की सर्विस की बाध्यता समाप्त करने की भी मांग की। बैठक में तेजी से रिटायर हो रहे कर्मियों के खाली आवासों में अवैध कब्जे रोकने 650 स्क्वायर फिट तक के क्वार्टर को सभी सेक्टरों में लाइसेंस पर देने की मांग की गई। वर्तमान में जो सी 3 टाइप सीजीएम ने आश्वस्त किया कि मांग जायज है और 5 वर्ष की बाध्यता को समाप्त कर इसे कम से कम किया जाएगा।



### ट्विन अलॉटमेंट का दायरा बढ़ाएं

यूनियन में कहा कि अभी तक 400 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर को ट्विन अलॉटमेंट कैटेगरी में दिया जा रहा है जरुरत को देखते हुए 500 स्क्वायर फीट तक के क्वार्टर दिए जाएं। आश्वासन मिला। कर्मचारियों के क्वार्टर में बाहर व भीतर किया व्हाइटवाश किया जाए। कर्मचारियों के परिवार में शादी होने पर व्हाइटवास किए जाने की मांग पर भी प्रबंधन ने सहमति दी।

### प्रमोशन प्रक्रिया जल्द शुरू हो

इंटक यूनियन ने कहा कि टाउनशिप में एनईपीपी लागू नहीं किया गया है जिसके कारण से यहां के कर्मचारियों को प्रमोशन नहीं दिया जा रहा है यहां प्रमोशन प्रक्रिया जल शुरू की जाए। बैठक में इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस रवि सहित रमाशंकर सिंह, धनेश प्रसाद, ज्ञानेंद्र पांडेय, एके चक्रवर्ती, संतोष प्रसाद, शरद व रविंद्र नाथ व प्रबंधन से जीएम दिनेश कुमार, राजेश साहू विष्णु पाठक, केके यादव डीजीएम डीसी सिंह, राघवेंद्र गर्ग, एजीएम सरोज झा, कमरुद्दीन, निखिलेश मिश्रा, यशवंत साहू, मिलिंद बंसोड़ और पद्मिनी कुमार उपस्थित थे।

# विकसित भारत के निर्माण में दिव्यांग की भूमिका विषय पर व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

विकसित भारत के निर्माण में दिव्यांग व्यक्तियों की भूमिका पर समान अवसर प्रकोष्ठ द्वारा सेंट थॉमस महाविद्यालय रुआबांधा में ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बच्चों एवं प्राध्यापकों ने सहर्ष सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम की शुरुआत समान अवसर प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. ज्योत्सना गड़पायले ने की। प्राचार्य डॉ. एमजी रोईमोन ने कहा कि समृद्ध विकसित समाज के लिए दिव्यांगजन की समानता हमारी मूलभूत आवश्यकता है। हमारे संविधान में बहुत ही अच्छे से व्याख्या की गई है। देश में सरकार के द्वारा दिव्यांगजन के लिए अनेक सुविधाएं प्रदान की गई है। सिर्फ दिव्यांगजनों को सुविधाएं पता है, यह जरूरी नहीं। लेकिन देश में एक जिम्मेदार नागरिक होने के कारण हमें यह भी देखना है कि ये सुविधाएं सही समय तक सही लोगों तक पहुंच रही है या नहीं। प्रशासक फादर डॉ. पीएस वर्गीस ने कहा कि देश के विकास में सभी का साथ होना अनिवार्य है, क्योंकि जब तक सब साथ नहीं देंगे तब तक भारत का विकास कैसे हो सकता है। महाविद्यालय की अकादमिक डीन डॉ. देबजानी मुखर्जी ने कहा कि कार्यक्रम छात्रों में समान जागरूकता का बीज बोते हैं। इससे एक अच्छे विकसित समाज की शुरुआत होगी।

खबर संक्षेप



## स्टेशन रोड हुआ रौशन

**दुर्ग।** 15 वें वित्त आयोग निधि से स्वीकृति इंदिरा मार्केट से लेकर श्री शिवम शॉपिंग मॉल तक ट्यूबलर नए पोल में लगी लाइट का मेयर अलका बाघमार ने 39 पोल में 86 लाइट व 110 वाट की एलईडी को बटन दबाकर चालू किया। 39 लाख से इंदिरा मार्केट से श्री शिवम माल तक सडक़ मार्ग रौशन हुआ। अब यातायात में आमजनों को परेशानी नहीं होगी। मेयर अलका बाघमार ने कहा कि शहर के चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थान भी जगमगाने लगा है। मेयर ने कहा कि वार्डो में बन्द पड़ी स्ट्रीट लाइट को लगातार बदलवाने का कार्य जारी है। शेष बचे हुए स्ट्रीट लाइट व सौंदर्यीकरण निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने की बात अधिकारियों से कही। कार्यक्रम में सभापति श्याम शर्मा, आयुक्त सुमित अग्रवाल, विद्युत व यांत्रिकी प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर, एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, नीलेश अग्रवाल, मनीष साहू, लीलाधर पाल मौजूद रहे। बात दें कि वार्ड 30 श्याम शर्मा से वार्ड 27 पार्षद ममता सेन, वार्ड 29 बबिता गुड्डू यादव, वार्ड क्रमांक 28 मनीष बघेल इन 6 वार्डों से होकर गुजरने वाली इंदिरा मार्किट से श्री शिवम तक सडक़ मार्ग रौशनी से जगमगाया।

## हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के लिए शिविर 2 से

**दुर्ग।** प्रदेश में 01 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में आम जनता, कार्यालीयीन अधिकारी-कर्मचारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाए जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी रोसमेरटा सेफ्टी सिस्टम लिमि के कर्मचारी द्वारा की जा रही है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2 तथा 5 मई तक कलेक्ट्रेट परिसर दुर्ग में, 6 व 7 मई को जिला न्यायालय परिसर में शिविर आयोजित की जाएगी। इसी प्रकार 9 मई को जिला पंचायत परिसर, 10 तथा 11 मई को बस स्टैण्ड और 13 व 14 मई को नगर पालिक निगम परिसर में शिविर आयोजित की जाएगी।

### पेज 11 का शेष

## अक्ति पर ठाकुर देवता ...

अभिजीत श्रीवास्तव जयप्रकाश साहू, कुंदन साहू, मनोहर साहू खेमू पटेल, रेखा ठाकुर, कृष्नी पटेल, सावित्री विश्वकर्मा, गंगा साहू, जगदीश साहू, यश साहू द्वारा गुड्डा गुड्डी विवाह के शादी समारोह में शामिल होकर टीकावन में पैसे भेट किए।

## ग्राम मेढ़की में तीन ..

कार्यक्रम में शामिल हुए ग्रामीण छग की परम्परानुसार रात को गुड्डा गुड्डी का टिकावन रखा गया जिसमे ग्रामीण महिलाए व पुरषो ने गुड्डा गुड्डी को टीका लगाकर पैसे भेट किए वही बच्चों द्वारा टिकावन में आय लोगो के लिए नास्ते की व्यवस्था भी की गई थी, इस तरह से गुड्डा गुड्डी का विवाह रचाया गया।

**भूमिपूजन : गुण्डरदेही को मिली नई सौगात, न्यायिक कार्यों को मिलेगी गति**

# खल्लारी में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन का किया गया भूमिपूजन एवं शिलालेख अनावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में आज नवीन व्यवहार न्यायालय भवन निर्माण स्थल का भूमिपूजन एवं शिलालेख अनावरण किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के न्यायाधीश तथा बालोद जिले के पोर्टफोलियो न्यायाधीश जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल होकर कार्यक्रम के साक्षी बने।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन के सौगात को गुण्डरदेही विकासखण्ड एवं अंचलवासियों के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए इसके लिए उन्होंने अंचल वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वयं के भवन में नवीन व्यवहार न्यायालय का संचालन होने से न्यायालयीन कार्यों को सुगमता से संपादित करने में सहुलियत मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों को इस नवीन व्यवहार न्यायालय भवन के निर्माण कार्य को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा कराने को कहा। उन्होंने कहा कि भवन निर्माण कार्य में शत प्रतिशत गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सिन्हा ने कहा कि हम सभी के समवेत प्रयासों से गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में उत्कृष्ट नवीन व्यवहार न्यायालय भवन तैयार होकर एक आदर्श न्यायालय परिसर के रूप में अपना पहचान स्थापित करे।

इस अवसर पर स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्याम लाल नवरत्न ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम खल्लारी में नवीन व्यवहार न्यायालय भवन की सौगात मिलने पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त की। इसके लिए उन्होंने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा एवं अन्य गणमान्य जनों से मिले सहयोग की सराहना करते हुए उन सभी के प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकुशलता एवं कार्य के प्रति समर्पण हम सभी में नए ऊर्जा के संचार के साथ–साथ हमें कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरणा भी देती है। इस अवसर पर उन्होंने अपने व्यस्तम समय में से समय निकालकर आज के इस कार्यक्रम में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा, पोर्टफोलियो न्यायाधीश जस्टिस नरेन्द्र कुमार व्यास सहित कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के अलावा कार्यक्रम में उपस्थित सभी न्यायाधीशों और जिला एवं पुलिस प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों, अधिवक्ताओं, गणमान्य जनों, अधिकारी–कर्मचारियों एवं आम नागरिकों के प्रति विनम्र आभार व्यक्त करते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह में मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रमेश सिन्हा के अनुमति से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री श्याम लाल नवरत्न द्वारा नवीन व्यवहार न्यायालय भवन गुण्डरदेही के शिलालेख का अनावरण भी किया गया।









इस दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न ने सपत्नीक विधि–विधान के साथ इस नवीन भवन के भूमिपूजन के कार्य को संपन्न कराया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्याम लाल नवरत्न एवं अन्य न्यायाधीशों के द्वारा निर्माणाधीन व्यवहार न्यायालय भवन गुण्डरदेही परिसर में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर परिवार न्यायालय बालोद के न्यायाधीश योगेश पारीक, प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश किरण कुमार जांगड़े, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (पाक्सो) कृष्ण कुमार सूर्यवंशी, जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफ.टी.सी. ताजुद्दीन आसिफ, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय कुमार सोनी, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्वेता उपाध्याय गौर, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ गुंडरदेही चेतना ठाकुर, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बालोद सागर चंद्राकर, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बालोद हीरा सिन्हा सहित नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष प्रमोद जैन, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक, एडीशनल एसपी मोनिका ठाकुर के अलावा जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अजय कुमार साहू, तहसील अधिवक्ता संघ गुंडरदेही के अध्यक्ष विनय बंजारे के अलावा बड़ी संख्या में अधिकारी–कर्मचारी एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे।

# शासकीय सेवा का गौरवपूर्ण समापनः प्राचार्य अरुण कुमार वी. को भावभीनी विदाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्ली राजहरा

- संवेदनाओं से सजी हुई शुरुआत

शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय, दल्ली राजहरा के प्रांगण में दिनांक 30 अप्रैल को एक भावुक क्षण उस समय आया, जब संस्था के वरिष्ठतम स्तंभ, प्राचार्य अरुण कुमार वी. को उनके सेवाकाल की समाप्ति पर गरिमामयी विदाई दी गई। लगभग 40 वर्षों की निष्कलंक, अनुकरणीय और प्रेरणादायक शासकीय सेवा के उपरांत उनका यह विदाई समारोह महाविद्यालय परिवार के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बन गया।



आयोजन कक्ष क्रमांक 4 को सुसज्जित कर प्राचार्य महोदय को ससम्मान आमंत्रित किया गया। नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य डॉ. कविता सिंह ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, ग्रंथालय, क्रीड़ा विभाग, कार्यालय स्टाफ तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने क्रमशः अपनी श्रद्धा, सम्मान और स्नेह अर्पित किया।

डॉ. सरिता स्वामी ने डॉ. कविता सिंह का स्वागत किया। इसके बाद उद्बोधन की श्रृंखला में प्रो. यामिनी देवी (वनस्पतिशास्त्र), डॉ. धर्मेन्द्र सिंह (वाणिज्य), डॉ. पी.के. सिंह (समाजशास्त्र) और डॉ. कविता सिंह (प्रभारी प्राचार्य) ने अपनी सकारात्मक बातें रखीं, इस अवसर पर अन्य उपस्थित जनों ने भी विदाई समारोह को लेकर अपने-अपने टिप्स दिए शासकीय महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

# गांव-गांव में अवैध ईंट भट्ठों का संचालन, प्रशासन बेखबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

- पीएम आवास योजना के नाम पर हितग्राहियों से की जा रही लूट

क्षेत्र में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों का कारोबार बेखौफ चल रहा है, इससे विभाग को लाखों रुपए की राजस्व की हानि हो रही है, मगर अवैध ईंट भट्ठा संचालकों पर कार्रवाई नहीं होने से खुले आम संचालित कर रहे है। बता दें कि विकासखंड के ग्राम कोलिहामार, टेंगना बरपारा, मोखा, पलारी, सनौद, पेंडरवानी, बोरिदकला, सोरर, चिरचारी, बोहारडीह, कुलिया, कनेरी, भेजा, नवागांव, डोकला क्षेत्र सहित आसपास के गांव में इन दिनों अवैध ईंट भट्ठों की अंबार देखने को मिल रहा है जहां प्रशासन के द्वारा कार्यवाहीं नहीं होने से मनमाने तरीकों से अधिक दामों पर बेच रहे हैं। जानकारी अनुसार पीएम आवास योजना का है, जहां पीएम आवास योजना के तहत हितग्राही अपना घर बना रहे हैं जिसका लाभ उठाकर ईंटों का रेट ठेकेदार द्वारा दस हजार से ग्यारह तक बेचा जा रहा है, अधिक दामों के चलते हितग्राहियों को मजबूरन में ज्यादा दामों में लेना पड़ रहा है। जिसके चलते हितग्राहियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। जानकारी अनुसार ग्रामीण क्षेत्रें में धड़ल्ले से चल रहे अवैध ईट भट्ठे की जानकारी हल्का पटवारियों को होती है, लेकिन अवैध ईट भट्ठा संचालको से पटवारियों के साठगांठ के चलते पटवारी अपने उच्च अधिकारियों तक अवैध ईट भट्ठा संचालको के ऊपर कार्यवाही करने के लिए प्रायः कोई भी प्रतिवेदन नही देते, जिससे शासन को रॉयल्टी का नुकसान हो रहा है। जानकारी अनुसार ग्राम कोलिहामार, बोहारडीह एवं कुलिया में नेशनल हाईवे से लगे कृशि जमीन पर आस पास भट्टो का संचालन किया जा रहा है जिससे ईंट भट्ठे से उड़ने वाले धुएं एवं राखड़ से राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है।



उल्लेख है कि ज्यादातर ईट भट्टे संचालित की जा रही है जहां कृषि कार्य के लिए लगे हुए मोटर पंप एवं नालों में डीजल पंप लगाकर पानी का दोहन किया जा रहा है तो वही एक ठेकेदार द्वारा मुख्य मार्ग देवरानी जेठानी नल के पास आम के बगीचे में ही ईद भट्ठा रखा गया है जिससे उड़ने वाले धुआं से पेड़ों को नुकसान पहुंचा जा रहा है जिसमें कार्रवाई नहीं होने से संचालकों का प्रतिवर्ष संख्या बढ़ रहा है।

## ज्ञापन सौंपने आए ग्रामीण कलेक्टोरेट में भटकते रहे



**दुर्ग।** भटगांव के दो दर्जन से अधिक ग्रामीण बुधवार को जिला मुख्यालय में पहुंचे थे। इस दौरान कोई भी जिम्मेदारी अधिकारी मौजूद नही थे। जिससे नाराज ग्रामीण अपने ज्ञापन को डिस्पैज में देकर लौट गए। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा ह। जिसमें उन्होने बताया कि अनुसूचित जनजाति गोड वर्ग के लोग जन्म से यहां निवास कर रहे है। लेकिन उनका जाति प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत द्वारा नही बनाया जा रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत आवेदन भी किया गया था। लेकिन निराकरण नही हुआ हैं।

## मुख्य सचिव ने नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

- नए कानून के प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने जिले में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संभागायुक्त, आईजी, कलेक्टर एवं एसपी की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने बैठक में समस्त पिलर्स से नये कानूनों से क्रियान्वयन के संबंध में अद्यतन जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि नए कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर, एसपी जिले में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित करें। न्यायालयों में 60-90 दिवस की समय-सीमा के अंतर्गत चालान प्रस्तुत करने के संबंध में अभियोजन के अधिकारियों की बैठक लेकर जानकारी से अवगत कराएं। सभी आवश्यक जगहों, स्वास्थ्य केन्द्र, बैंक, जेल, कलेक्टर कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय एवं तहसील कार्यालयों में विडियो कांफ्रेंसिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। साथ ही अधिकारी-कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। जिले में अंतर विभागीय समिति की बैठकें आयोजित किया जाए। नये कानूनों के संबंध में जनजागरूकता लाने व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। विभिन्न जिलों के कलेक्टर, एसपी और संभाग के आयुक्त एवं आईजी से नये आपराधिक कानूनों के संबंध में प्रतिक्रियात्मक रेण्डमली जानकारी भी ली। बैठक में संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी आरजी गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह आदि मौजूद थे।

## सेवानिवृत्त होने पर शिक्षक का सम्मान

**दुर्ग।** साक्षरता भवन सिविल लाइन संकुल समन्वयक विकासखंड दुर्ग द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक एवं संकुल समन्वयक सुरेश कुमार चंद्राकर प्र. पा . शान्ति नगर भिलाई की सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, जिला मिशन समन्वयक सुरेंद्र पांडेय, बीईओ गोविंद साव, स्रोत समन्वयक श्रवण कुमार सिन्हा, किरण चंदवानी की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए बीआरसी श्रवण सिन्हा ने भी सेवानिवृत संकुल समन्वयक को जीवन के नई पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए अच्छे आयोजन के लिए समस्त संकुल समन्वयक की सराहना और बधाई दी।

# व्यासपीठ की मर्यादा का करें पालन, तभी मिलेगा कथा श्रवण का पूर्ण फलः आचार्य पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- भगवत कथा और सत्संग से बनता है धर्मात्मा संतान का आधार

कथा हमेशा व्यास पीठ के सम्मुख बैठकर सुननी चाहिए छिपकर या दूर बैठकर कथा सुनने का फल नही मिलता। कथा के श्रोताओ को हमेशा व्यासपीठ से नीचे स्थल पर श्रवण करना चाहिए, श्रोताओ को कभी व्यासपीठ से ऊंचे स्थान पर बैठकर कथा श्रवण नही करना चाहिए। उक्त बाते विमल टुवानी के निवास स्थान पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह मे व्यासपीठ से भागवताचार्य पंडित आकाश पांडेय ने कही। पंडित आकाश पाण्डेय ने कहा बालक माता के गर्भ से ही ज्ञान की बाते सीखने लगता है इसलिए गर्भवती माताओ को इस दौरान धर्मशास्त्र, वेदो का अध्ययन करना चाहिए, सत्संग मे शामिल होना चाहिए, भगवत कथा सुननी चाहिए इस दौरान संतो की संगत से बच्चा धर्मात्मा बनेगा। पंडित आकाश पांण्डेय ने कहा भागवत महापुराण कथा भगवान विष्णु ने ब्रम्हा जी को दिया, ब्रम्हा जी ने नारद को चार "लोक का भागवत पुराण सौपा जिसे वेदव्यास ने 18 हजार "लोको, छंदो के रूप मे विस्तृत किया। पंडित आकाश पांण्डेय ने कहा यज्ञ मे आहुति से देवता खुश होते है व भागवत कथा के श्रवण से जीव खुश होता है। पंडित आकाश पांण्डेय ने कहा जीव को हर पल, हर क्षण भगवत नाम लेते रहना चाहिए। कलयुग मे भगवत नाम स्मरण मात्र से जीव का कल्याण हो जाता है, उन्होने कहा कलयुग का वास जहां जुआ होता है, जहां मदिरा पान होता है, जहां व्याभिचार होता है, जहां जीवो की हत्या होती है, जहां जीवो पर अत्याचार होता है एवं अधर्म से कमाए गए धन, सोना मे कलयुग का वास होता है। लेकिन धर्म सम्मत कमाए गए धन से, सोने मे भगवान का वास होता है। जीवो को हमेशा ऐसे कलयुगी स्थलो से बचना चाहिए।





## खबर संक्षेप



### कम्पोस्ट सेंटर में विधिक सेवा शिविर का आयोजन

**बालोद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद एस. एल. नवरत्न के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय श्रम दिवस के अवसर पर आज कम्पोस्ट सेंटर पंडर दल्लीराजहरा में शिविर आयोजित की गई। शिविर में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप तथा व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, दल्लीराजहरा सोनी तिवारी के द्वारा श्रमिकों के कानूनी अधिकारों के संबंध जानकारी दी गई। इस दौरान पैरालिगल वालंटियर खुशऍद सिद्दीकी, सत्यम मण्डावी, कमलेश्वर साहू एवं परमेश्वरी सहित कम्पोस्ट सेंटर पंडर दल्लीराजहरा के कर्मचारी उपस्थित थे।

### योजनाओं का लाभ दिलाने 5 मई को लगेगा समाधान शिविर

बालोद। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बालोद विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल मैदान लाटाबोड़ में 5 मई 2025 को समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं जिला पंचायत के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि शासकीय हाई स्कूल मैदान लाटाबोड़ में बालोद विकासखण्ड के ग्राम टेकापार, नेवारीकला, देवीनवागांव, अरौद, भोईनापार, खपरी, लोण्डी, बेलमाण्ड, पड़कीभाट, उमरादाह, हीरापुर, झलमला, सिवनी एवं बोरी के हितग्राही समाधान शिविर में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि शिविर के सफल संचाल हेतु वरिष्ठ कृषि विकास विस्तार अधिकारी के आर पिस्दा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### आपदा पीड़ित परिवार को मिला शासन का सहारा

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6 क्रमांक 4 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्ति के कारण मृत विष्णुराम के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 4 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतक के निकटतम वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में मृतक विष्णुराम के पु हेमूराम यादव ग्राम हसदा तहसील गुरूर को 4 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### फरार स्थायी वारंटियों को पकड़कर भेजा जेल

**भिलाई।** फरार वारंटियों के खिलाफ पुलिस ने अभियान चलाकर 46 फरार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि फरार स्थायी वारंटी की तामीली के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### दुकान संचालक से ठगी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** मोबाइल दुकान संचालक से ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवक के खिलाफ पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि आकाशगंगा सुपेला के मोबाइल शॉप संचालक अरविंद कुमार मिश्रा के यहां एक युवक रिपेयरिंग व नेक बैंड खरीदने पहुंचा था। झांसा देकर संचालक से ठगी कर फरार हो गया था। जिसका नाम अशोका बिरयानी नेहरु नगर का कर्मी नीतिन सोनी है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## नलकूपों में क्लोरीन या सोडियम हाइपोक्लोराइड डालने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी

# पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा






- साल में कम से कम दो बार पानी टंकियों की सफाई की जाए

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने बताया कि राज्य शासन के निर्देशानुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगरीय निकायों में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने और पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने विस्तृत दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं,,निर्देश के अनुरूप विभाग ने मौसमी बीमारियों एवं दूषित पेयजल से होने वाले रोगों के प्रति सचेत रहते हुए इनके रोकथाम के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने बताया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने संचालनालय से सभी निकायों को जारी परिपत्र में 15 जून के पहले नलकूप स्त्रोतों को क्लोरीन या सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर शुद्धिकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही नगरीय निकायों में स्थापित एवं संचालित वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के फिल्टर बेड का संधारण तथा शहरों की उच्च स्तरीय पानी टंकियों की सफाई का काम 10 जून तक पूर्ण करने को कहा है। विभाग ने जल प्रदाय वाली पानी टंकियों की साल में कम से कम दो बार सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। टंकी सफाई की तिथि टंकी के कालम में अंकित करने भी कहा है।

नगरीय प्रशासन विभाग ने जल प्रदाय के लिए बिछाई गई पाइपलाइन में लीकेज या टूट-फूट को तत्काल सुधारने को कहा है। विभाग ने सार्वजनिक नलों और हैण्डपम्पों के आसपास पर्याप्त सफाई रखने तथा जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल के उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए हैं। निकाय में स्थापित होने वाले नवीन हैण्डपम्पों को भविष्य में संधारण के लिए सूचीबद्ध करने भी कहा गया है। डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए खाली जगहों में जमा पानी, कूलर, पानी की टंकी, बर्तन, फ्रिज के ट्रे, टॉयर तथा अन्य वस्तुओं में पानी के जमाव को खाली कर साफ-सुथरा रखने के भी निर्देश विभाग ने नगरीय निकायों को दिए हैं।

नगरीय प्रशासन विभाग ने नलकूपों पर आधारित पेयजल योजनाओं में नलकूप स्त्रोत, सम्पवेल, उच्च स्तरीय टंकी एवं वितरण प्रणाली के अंतिम छोरों से पेयजल नमूना एकत्र कर हाइड्रोजन सल्फाइड किट के माध्यम से जाँच करने के निर्देश दिए हैं। किसी भी स्तर पर जल का नमूना दूषित पाए जाने पर ब्लीचिंग पाउडर के घोल या लिक्विड सोडियम हाइपोक्लोराइड डालकर जीवाणुरहित करें। जीवाणुरहित करने के एक सप्ताह बाद पुनः उसका परीक्षण करें। जल के नमूने के पुनः दूषित पाये जाने पर विस्तृत जाँच के लिए प्रयोगशाला में भेजें तथा आवश्यक मात्रा में ब्लीचिंग पाउडर का घोल उच्च स्तरीय टंकी में डालने के बाद ही जलप्रदाय करें। विभाग ने स्थल पर नलकूपों या हैण्डपम्पों के माध्यम से शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए भी इस प्रक्रिया का पालन करने को कहा है।

### सतही स्त्रोतों पर आधारित जलापूर्ति वाले क्षेत्रों में पेयजल में क्लोरीन की मात्रा की करें जांच

मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वाडेकर ने बताया कि सतही स्त्रोत पर आधारित पेयजल योजनाओं में जल उपचार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में करने के बाद क्लोरीनयुक्त जल शहरों में प्रदाय किया जाता है। सामान्यतः इस प्रकार की व्यवस्था में पानी के दूषित रहने की संभावना नहीं रहती है जब तक कि वितरण प्रणाली में बाहर से गंदा पानी न मिल रहा हो। विभाग ने अभियान चलाकर वितरण प्रणाली के अंतिम छोरों के सभी जल नमूनों की पुनः जांचकर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। पम्पिंग मेन एवं वितरण प्रणाली के लीकेजों की तत्काल मरम्मत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# मधुमक्खी के हमले से तीस ग्रामीण घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- मजदूरों का हाल जानने और व्यवस्था देखने पहुंचे नपं अध्यक्ष

ब्लॉक के ग्राम सेम्हरडीह में गुरुवार को रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य के दौरान मजदूरों पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस घटना में करीब 22 महिलाएं और 8 पुरुष मजदूर घायल हो गए। जिन्हें आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोहारा में भर्ती कराया गया।

घटना की जानकारी मिलते ही नगर पंचायत अध्यक्ष निवेंद्र सिंह टेकाम भी ग्रामीण मजदूरों का हाल जानने और व्यवस्था देखने के लिए पहुंचे। इस दौरान एसडीएम और डॉक्टर भी मौजूद रहे। अध्यक्ष ने स्वास्थ्य विभाग सहित शासन प्रशासन को मजदूरों का उचित और जल्द से जल्द इलाज करने के लिए निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार किसी को रेफर करने की स्थिति नहीं आई है। डौंडीलोहारा के अस्पताल में ही सभी का इलाज जारी है। बताते हैं कि मनरेगा के तहत नाली निर्माण का कार्य चल रहा था। जिसमें गांव के मजदूर काम कर रहे थे। सुबह करीब 9:30 बजे के आसपास यह घटना हुई। मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक आकर मजदूरों पर हमला कर दिया। जिससे बचते बचाते ग्रामीणों के बीच भगदड़ मच गई और लगभग 30 ग्रामीण इस घटना में घायल हो गए। जिनका इलाज लोहारा अस्पताल में जारी है। फिलहाल सभी की स्थिति ठीक बताई जा रही है।

## सशिमं कलंगपुर के परीक्षाफल घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर मे सत्र 2024–25 का वार्षिक परीक्षा केजी 1 से कक्षा सप्तम तक परिणाम घोषित किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि संस्था के अध्यक्ष दिलीप कुमार कुल्हारे, प्रधानाचार्य टेकनारायण मंडावी एवं विशेष अतिथि मे संस्था उपाध्यक्ष सुधीर साहू, प्रतापचंद जैन सहित पालक गण व विद्यालय के सभी आचार्य गण एवं दीदीगण उपस्थित थे। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमे कक्षा अरुण मे खिलकी 97.5 प्रतिशत प्रथम स्थान, द्वितीय गुंजन ठाकुर 96.5 प्रतिशत, कक्षा उदय मे प्रथम स्थान तमन्ना साहू व चंचल साहू 97.3 प्रतिशत, द्वितीय पूरब यादव 97 प्रतिशत, कक्षा प्रथम मे प्रथम स्थान डिम्पल 93 प्रतिशत, द्वितीय जया सिन्हा एवं झरना साहू 92 प्रतिशत, कक्षा द्वितीय मे सानिध्य सिन्हा 97 प्रतिशत प्रथम स्थान, द्वितीय मे गीतांश साहू एवं नवन्या 95 प्रतिशत, कक्षा तृतीय मे प्रथम स्थान साक्षी 91.5 प्रतिशत, द्वितीय स्थान डिम्पल 87.5 प्रतिशत, कक्षा चतुर्थ चांदनी साहू 91 प्रतिशत प्रथम स्थान, द्वितीय केशर 86.5 प्रतिशत, कक्षा षष्ठम मे अभिषेक कुमार 93 प्रतिशत प्रथम स्थान, द्वितीय तान्या देशमुख 92.3 प्रतिशत, कक्षा सप्तम खुशबू सिन्हा 96 प्रतिशत प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान ईशान जोशी 88.16 प्रतिशत रहे।

## श्रमिक दिवस पर किया जागरूकता शिविर, कानून की दी जानकारी

**दल्लीराजहरा।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आज पंडर दल्लीराजहरा स्थित कम्पोस्ट सेंटर में एक महत्वपूर्ण जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें श्रमिकों को उनके अधिकारों और कानूनी संरक्षणों की विस्तृत जानकारी दी गई। यह शिविर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बालोद एस. एल. नवरत्न के मार्गदर्शन में तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद के तत्वावधान में आयोजित हुआ। शिविर में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद सुश्री भारती कुलदीप और व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, दल्लीराजहरा श्रीमती सोनी तिवारी ने श्रमिकों को उनके मौलिक अधिकार, न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, कार्यस्थल पर सुरक्षा, और श्रमिक कानूनों की जानकारी सहज और सरल भाषा में प्रदान की। इस अवसर पर पैरालिगल वालंटियर श्रीमती खुर्शीद सिद्दीकी, सत्यम मण्डावी, कमलेश्वर साहू, एवं कुमारी परमेश्वरी सहित कम्पोस्ट सेंटर के अनेक कर्मचारी व श्रमिक मौजूद रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य श्रमिकों में उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें विधिक सहायता से जोड़ना रहा, जिससे वे किसी भी प्रकार के शोषण से स्वयं को सुरक्षित रख सकें। इस पहल को स्थानीय स्तर पर श्रमिकों ने सराहा और इसे एक सकारात्मक कदम बताया। इस अवसर ने न केवल श्रमिकों को सशक्त बनाने की दिशा में ठोस आधार प्रदान किया, बल्कि समाज में न्याय और समानता की भावना को भी प्रबल किया।

# अक्ति पर कार्ड छपाकर सीता-राम विवाह समारोह का किया आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगाँव आर

दक्षिण पाटन के ग्राम नवागांव बी में अक्षय तृतीया (अक्ति) बच्चों ने अनोखे अंदाज में मनाई। उन्होंने पालकों के सहयोग से बकायदा आमंत्रण पत्र छपवा कर घर–घर बंटवाया। कार्ड में पुतरा का नाम रामचंद्र पिता दशरथ निवासी अयोध्या और पुतरी का नाम सीता पिता जनकराम निवासी जनकपुरी लिखवाई गई थी। बच्चों ने शादी का मंडप भी सजाया। विवाह के सारे रस्म, हल्दी, चुलमाटी, तेल, मायन सब किए।

दूल्हे की बारात भी निकाली। सभी रस्मों में बड़ों ने भी भागीदारी निभाई। आसपास के लोग पुतरी को हल्दी लगाने पहुंचे। टीकावन में उन्होंने दुल्हा–दुल्हन यानि पुतरी पुतरा को उपहार भी दिए। निमंत्रण पत्र में दर्शनाभिलाषी शशि साहू, बबली साहू, डिंपल साहू, दामिनी साहू, केशकुमारी, नंदनी, चेतना, दिक्षा, लिलिमा, बेबो, प्रेरणा, रेहान, भाविक, योगांश, साहिल, कार्यक्रम में शामिल बच्चों के माता– पिता डोमार साहू निर्मला साहू, लोमश गोदावरी साहू, लोचन अश्वनी,नंदलाल परमिला, टिकेश कविता, ललित खेमीन, राजेश रानी, लवकुमार गुरुमती उपस्थित थी।

**इस वर्ष खास रहा पुतरा पुतरी की शादीः** समाजसेवी अभिषेक सेन ने बताया की हर साल की भाँति इस वर्ष भी अक्ति पुतरा पुतरी का तिहार बहुत ही भव्य के साथ मनाया लेकिन इस बार खास रहा। विवाह के पूरे रस्म हुए। गांव के लोगों को भोजन में भी बुलाया गया।

### रितिक साहू की रही सराहनीय भूमिका

कार्यक्रम के जिम्मेदारी रितिक साहू का काम बहुत ही सहारणीय रहा, इस अवसर– शिवकुमार साहू, रामअवतार सेन, दाऊराम साहू, सरपंच प्रतिनिधि जयप्रकाश साहू, उपसरपंच छगनलाल साहू, सतीश साहू, पोखन साहू, किशोरी साहू, जयसिंह कोर्राम, मितानीन दीदी हस्तारेखा साहू, अनिता साहू, रश्मि सेन, पुष्पा साहू, टेमिन साहू, जिया साहू, रागनी साहू, मेघा साहू, भारती साहू, सरोज साहू, मनीषा साहू, कांतिलाल साहू, चंद्रकांत साहू, जितेंद्र साहू, नागेश साहू, नेतराम यादव, ईश्वर साहू, प्रदीप साहू, भोजकुमार, शुभम साहू, घनश्याम यादव, दानु साहू, निरज, मोनिष, तिरथ यादव, सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# गुरूर में धूमधाम से मनाया परशुराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





धर्म, साहस और भक्ति के प्रतीक ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाकर मानवता के कल्याण हेतु सर्वे भवन्तु सुखिनः का सन्देश दिया। तहसील के ब्राह्मण समाज ने अधर्म और अन्याय का नाश कर धर्म और न्याय स्थापित करने वाले भगवान परशुराम का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया।

यह आयोजन नगर के काल भैरव देउर मंदिर में किया गया जिसमें गुरुर तहसील के समस्त ब्राह्मण परिवार सम्मलित हुए। इस आयोजन की शुरुआत वैदिक मंत्रेच्चार से भगवान परशुराम की पूजा अर्चना से हुई, शंख, घण्टा व नाद से महाआरती की गई। धूप, दीप और नैवेद्य से भगवान को भोग लगाकर महाप्रसादी का वितरण किया गया। भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम सर्व सनातनियो के आदर्श हैं, क्योंकि उन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म की स्थापना की, अन्याय के विरुद्ध शस्त्र उठाकर न्याय को स्थापित किया। पितृ आदेश पालन व मातृ प्रेम का संदेश उनके जीवन से हमें मिलता है। तहसील के सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि ऋषि जमदग्नि व माता रेणुका की संतान परशुराम का सम्पूर्ण जीवन पूरे समाज को धर्म रक्षा हेतु शास्त्र व शस्त्र दोनो में पारंगत होने की प्रेरणा देता है। शास्त्र हमारे जीवन मे अनुशासन को व शस्त्र अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की शक्ति प्रदान करता है। जितेंद्र शर्मा ने भगवान परशुराम को चिरंजीवी देव बताते हुए कहा कि भगवान परशुराम ब्राह्मण समाज के कुलश्रेष्ठ हैं, सभी ब्राह्मण उनके वंशज हैं। एक ब्राह्मण का जीवन केवल एक समाज हेतु नही अपितु पूरे मानवजाति हेतु समर्पित होता है। काल भैरव देउर मंदिर के आचार्य सुरेश पांडेय ने भगवान परशुराम का जीवन परिचय देते हुए उनकी गाथा सभा को बताई और वैदिक मंत्रेच्चार से पूजन अर्चन के कार्य को सम्पन्न किया। राजेश दीवान, हिन्दू संगठन के दुर्गादत्त मिश्रा ने भी सभा को सम्बोधित किया।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर कैलाश शर्मा, गिरेन्द्र शर्मा, राजकुमार पांडेय, मनोज शर्मा, बालमुकुंद शर्मा, जितेंद्र प्रसाद शर्मा, भारत शर्मा, निखिल पांडेय, वेदांत शर्मा, विराट शर्मा, राहुल शर्मा, आयुष दीवान, शीला शर्मा, अनीता पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, रामकली शर्मा, रंजू शर्मा, पुष्पा शर्मा, दीप्ति शर्मा, आशा मिश्रा, संगीता दीवान, अर्चना पांडेय, प्रिया शर्मा, गायत्री शर्मा, माधुरी शर्मा, संगीता शर्मा, वैभवी शर्मा बड़ी संख्या में विप्र परिवार उपस्थित थे।

## अक्ति तिहार पर धूमधाम से किया पुतरा-पुतरी विवाह



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम जुन्नापानी में अकती बिहाव के शुभ लग्न पर आमंत्रण पत्र बांटकर पुतरा-पुतरी का विवाह पारंपरिक रीति रिवाज से सम्पन्न किया गया। इस शुभ लग्न पर बच्चों व ग्रामीणों ने हल्दी रस्म, संगीत का बाजा गाना के साथ फटाखे चलाते हुए बारात निकाली गई। शाम को गोधूलीवेला पर पुतरा पुतरी का सातफेरा, मंत्रोच्चार के साथ ही धरम टीकावन ( (आशीर्वाद-समारोह) भारतीय संस्कृति एवं परम्परा व रीति रिवाज के अनुसार अकती-बिहाव' सम्पन्न कराया गया। रात्रि को खीर-पुड़ी, भोजन का व्यवस्था भी नन्हे बच्चों ने कराया, जिसमें पारा -मोहल्ला वासियों का विशेष सहयोग रहा। अकती बिहाव को सम्पन्न कराने में नन्हे बच्चे भारती, मोन्टी, लक्ष्मी, पूर्वा , चंचल, डिम्पल, वेदना, दीक्षा, निधि, खोमिन, हिमशिखा, हार्दिका, अरुणा, तनिशा, वासनी, लल्ली तथा ग्रामीण नोमेश वैष्णव, शिव बघेल, पुहुपदास, शिव यादव, डोमन लाला, बंशी यादव, ओटम बघेल आदि उपस्थित रहे।


## अनुष्ठान के बाद भोग-प्रसाद का किया गया वितरण

# श्री परशुरामजी की जयंती ब्राह्मण समाज ने मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा







लौह अयस्क नगरी दल्लीराजहरा स्थित ब्राह्मण समाज भवन में बुधवार, 30 अप्रैल को वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया (अक्षय तृतीया) के पावन अवसर पर भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम जी का प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया।

इस भव्य आयोजन का आयोजन ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में किया गया, जिसमें समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत समाज की मातृशक्ति द्वारा श्री सुंदरकांड, श्री हनुमान चालीसा तथा संकट मोचन हनुमानजी के स्तुति पाठ से हुई। इसके पश्चात आचार्य पं. अशोक पाण्डेय ने वैदिक विधि-विधान से भगवान परशुरामजी एवं श्री हनुमानजी की पूजा-अर्चना कर सामूहिक आरती संपन्न कराई। पूजन अनुष्ठान के बाद उपस्थितजनों के बीच भोग-प्रसाद का वितरण एवं सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया, जिससे श्रद्धालुओं ने आध्यात्मिक तृप्ति के साथ सामाजिक सौहार्द का भी अनुभव किया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष आर.बी. शर्मा, प्रवक्ता कमल शर्मा, गोरेलाल मिश्रा, के.के. शर्मा, बी.के. मिश्रा, विजय दीक्षित, संतोष पाण्डेय, अजय मिश्रा, रमेश शुक्ला, बृजभूषण पाण्डेय, अनिलकांत शर्मा, मनोज दुबे (पिंटू), अश्वनी दुबे, तेजेंद्र प्रसाद, सुजीत झा, डॉ. देवदत्त शर्मा, डॉ. चक्रवर्ती, प्रमोद तिवारी, शैलेंद्र व्यास, प्रवीण शर्मा, प्रशांत त्रिवेदी, विनोद पाठक, गिरिजेश तिवारी सहित काफी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समस्त सदस्यों, महिला मंडली, युवाओं एवं अतिथियों के प्रति ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी ने हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी उत्साह व एकता के साथ सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में सहभागिता की अपील की।

